# गुना जिला





**एक नजर में**

### 1 को महा नवमी पर स्थानीय अवकाश

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा वर्ष 2025 के लिये गुना जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए है। जारी घोषित स्थानीय अवकाश के तहत महानवमी 01 अक्टूबर को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश जिले के कोषालय/उप कोषालय के लिये लागू नही रहेगा।

### ताश खेलते दो युवक रंगे हाथ पकड़े

**गुना।** जिले के आरोन थाना पुलिस ने रविवार देर रात जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि निचला बाजार से किला मोहल्ला जाने वाले रास्ते पर स्थित खंडहर के पास कुछ लोग ताश पत्तों से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो आरोपियों को ताश गड्डी और नगदी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में असलम उर्फ गिल्लू (58) निवासी रिजोदा रोड आरोन और शिवम कुशवाह (22) खजूरी हाल सरस्वती कॉलोनी आरोन शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक ताश की गड्डी और कुल 3600 रुपये नगद बरामद किए गए।

# निजी स्वार्थ के लिए विपक्ष की गोद में बैठे भाजपाई पार्षद

## जनता के साथ छल करने वाले पार्षद हुए बेनकाब, नपाध्यक्ष बोलीं :किसी भी कीमत पर शहर का विकास रोकने नहीं दूंगी

नवभारत न्यूज

**गुना 29 सित. का। नगर पालिका परिषद गुना में हुए हालिया घटनाक्रम ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। परिषद की बैठक में जहां कांग्रेस पार्षदों से विरोध की उम्मीद थी, वहीं भाजपा के कुछ पार्षद भी विपक्ष की गोद में बैठकर अपनी ही पार्टी और शहर के विकास प्रस्तावों को ठुकराते नजर आए।**



इस पर नाराजगी जताते हुए नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने दो टूक कहा है कि चाहे विरोध कितना भी हो, गुना का विकास किसी कीमत पर रुकने नहीं दूंगी।

**बड़े प्रोजेक्ट्स पर रोड़ा, अपने वार्डों पर सहमति**

बैठक में नपाध्यक्ष ने नानाखेड़ी मंडी गेट से जीजी बस स्टैंड तक एबी रोड के डामरीकरण और रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल व्यवस्था जैसे दो बड़े प्रस्ताव रखे। लेकिन कांग्रेस के साथ भाजपा के कुछ पार्षदों ने भी इन पर असहमति जताते हुए प्रस्ताव गिरा दिए। हैरानी की बात यह रही कि जब शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली परियोजनाओं का विरोध किया गया, उसी समय अपने-अपने वार्डों के निर्माण कार्यों को मंजूरी दिलाने में इन पार्षदों ने कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

**जनता बोली - यह राजनीति विश्वासघात है**

शहरवासियों का कहना है कि पार्षदों को जनता ने विकास के लिए चुना था, लेकिन कुछ नेता निजी स्वार्थ और राजनीतिक रंजिश में फंसकर शहरहित से मुंह मोड़ रहे हैं। रेलवे स्टेशन चौड़ीकरण और डिज़ाइनदार लाइटिंग का काम पहले से ही अटका पड़ा है और अब एबी रोड जैसी ज़रूरी परियोजना पर भी राजनीति हावी हो रही है।

**भाजपाई पार्षद कांग्रेस की गोद में बैठे**

नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने इसे जनता के साथ धोखा बताते हुए कहा कुछ भाजपाई पार्षद कांग्रेस की गोद में बैठकर जनहित के मुद्दों पर रोड़े अटका रहे हैं। जब बात शहर के बड़े कामों की आती है तो विरोध में खड़े हो जाते हैं और अपने वार्ड की सड?ों के लिए हामी भर देते हैं। यह राजनीति गुना की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ को घेरते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने एबी रोड के गड्ढों में गुलाब के पौधे लगाकर प्रदर्शन किया था, लेकिन जब सड? निर्माण का प्रस्ताव आया तो खुद ही इसके खिलाफ खड़े हो गए।

**विकास कार्य हर हाल में पूरे होंगे**

नपाध्यक्ष ने जनता से साफ वादा किया कि शहर के विकास कार्य किसी कीमत पर रुकने नहीं दिए जाएंगे। एबी रोड का डामरीकरण और रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हर हाल में कराई जाएगी। अगर परिषद में विरोध होगा तो शासन से सीधे मंजूरी लेकर काम पूरे कराए जाएंगे। शहर विकास में जिन पार्षदों ने रोड़े अटकाए उनमें शेखर वशिष्ठ कांग्रेस, रामवीर जाटव कांग्रेस, हकीम काजी कांग्रेस, श्रीमती कृष्णा मौर्य, श्रीमती गीता नरेन्द्र कुशवाह कांग्रेस, महेश कुशवाह, श्रीमती राममूर्ति कुशवाह कांग्रेस, श्रीमती तरन्नुम खान कांग्रेस, भाजपा के पार्षद श्रीमती सुनीता रविन्द्र रघुवंशी, धरम सोनी, दिनेश शर्मा चुग्गी, ब्रजेश राठौर, श्रीमती सुमन लालाराम लोधा, श्रीमती अजब बाई बहादुर लोधा, सचिन धुरिया, तरूण मालवीय, श्रीमती ममता तोमर, श्रीमती राधा भगवान कुशवाह, श्रीमती अलका दिनेश कोरी, रमेश भी शामिल हैं। अपनी नीजि स्वार्थ के लिए रेलवे स्टेशन चौड़ीकरण एवं डिजाईनदार लाईटिंग का कार्य अधूरा पड़ा है। विद्युत मंडल ऑफिस गेट से रेलवे स्टेशन चौड़ीकरण का कार्य विगत एक वर्ष से रूका हुआ है। प्रशासन कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है? एक पार्षद ने बूढ़े बालाजी पर करोड़ों की जमीन पर कब्जा कर बिना किसी परमिशन के मैरेज गार्डन का संचालन कर रहे हैं। एक वर्ष पूर्व कार्रवाई करना चाही थी लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं होती।

**नपाध्यक्ष का अडिग संकल्प**

गुना नगर का यह घटनाक्रम साबित करता है कि राजनीति भले विकास को रोकने का प्रयास करे, लेकिन नपाध्यक्ष का संकल्प जनता के लिए उम्मीद की किरण है। उन्होंने दोहराया कि चाहे कितनी भी रुकावटें आएं, गुना के विकास की गाड़ी रुकने नहीं दी जाएगी।



## अंतरराष्ट्रीय महा महोत्सव हेतु पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को दिया गया आमंत्रण

**आरोन।** आचार्य भगवन समाधि सम्राट विद्यासागरजी महामुनि राज का जन्म दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महा महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आरोन जैन समाज के तत्वाधान में, मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं सान्निध्य में एक दुर्लभ संत गाथा की विशेष प्रस्तुति अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। यह आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज आरोन द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिसमें अनेक विशिष्ट अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसी कड़ी में सोमवार को कार्यक्रम हेतु पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री नगरीय प्रशासन जयवर्धन सिंह को सकल दिगंबर जैन समाज, श्री आदिनाथ ट्रस्ट कमेटी एवं चातुर्मास कमेटी द्वारा आमंत्रण पत्रिका भेंट की गई। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें महोत्सव में पधारकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया। आमंत्रण स्वीकार करते हुए दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह ने जैन समाज को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। आमंत्रण देने वालों में ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष विजय कुमार डोडिया, चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष मिंटूलाल बाखर, विधायक प्रतिनिधि राधौगढ़ विधानसभा, गौशाला अध्यक्ष नरेशचंद जैन, मिलन अध्यक्ष संजीव रामपुर, गरीबचंद, संजीव काजल, ट्रस्ट कमेटी मंत्री संजय जैन, गौरव खारिया, सुरेंद्र उनारसी, गोलू झंडा और रितिक कौशल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## झांकियों और मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बजरंगगढ़।** इन दिनों शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर जगह जगह लगी माता की झांकी देखने भक्तो की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। सुबह शाम माता की पूजा व आरती हो रही है। भक्त शक्ति की भक्ति में लीन है। कस्बे में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गली मोहल्ले में माता रानी की झांकी लगाई है। इस वर्ष भी श्री ग्वाल युवा नवदुर्गा झांकी समिति, श्री शिव शक्ति झांकी समिति, श्री गणेश छतरी नवदुर्गा झांकी समिति, श्री दुर्गेश नंदिनी झांकी समिति, श्री अखंड ग्रुप नवदुर्गा झांकी समिति, मां बीस भुजा नवदुर्गा झांकी समिति, मिडिल स्कूल के पास साहू मंदिर के सामने, वंशकार मोहल्ला, माना कॉलोनी में माता की झांकी लगाई है।

## विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग में युवाओं के लिए पंजीयन 15 तक

**गुना।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के प्रक्रिया से जोडने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत पोर्टल पर 15 अक्टूबर 25 तक विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावरिया ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी, इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य की योजना को पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा, क्विज प्रतियोगिताएं विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के लिए तैयार की गई है। प्रतिभागियों को 10 मिनट की समय अवधि में 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर देना है, यह क्विज निःशुल्क है और इस देश की 12 प्रमुख भाषाओं में हल किया जा सकता है। इस में प्रथम 10000 विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

## फतेहगढ़, किशनपुरा व कोहन में आदि कर्मयोगी योजना बैठकें संपन्न



**फतेहगढ़।** केंद्र सरकार के अभियान के अंतर्गत सोमवार को फतेहगढ़, किशनपुरा और कोहन पंचायत के विभिन्न गांवों में आदि कर्मयोगी योजना की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में ग्रामों के समुचित विकास के लिए कार्ययोजना तैयार की गई और लक्ष्यों को तय किया गया। पंचायत स्तर पर गठित टीमों ने बताया कि यह योजना जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। बैठकों में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत सरकार के विजन 2030 के तहत विकसित भारत का लक्ष्य तभी संभव होगा जब गांवों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके लिए स्थानीय समस्याओं का समाधान करते हुए आवास निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण और आहार जैसे मुद्दों पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। किशनपुरा पंचायत की बैठक में सचिव अमर सिंह, सरपंच मिश्रीलाल सहरिया और शिक्षक गोविंद किरार शामिल हुए। वहीं कोहन पंचायत में सचिव राधेश्याम भार्गव, सरपंच किशनलाल सहरिया, जनपद सदस्य विमल नागर तथा राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।




## युवा ग्रुप ऑफ़ कॉलेज में ओरिएंटेशन एवं कॉन्वोकेशन कार्यक्रम का आयोजन

**गुना।** युवा ग्रुप ऑफ कॉलेज में भव्य ओरिएंटेशन एवं कॉन्वोकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक राजेश पाराशर तथा अध्यक्ष परीक्षित पाराशर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अनुज भार्गव द्वारा नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज की कार्यप्रणाली, शिक्षा व्यवस्था और आगामी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। वहीं स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को डिग्रियों का वितरण किया गया। संस्थापक राजेश पाराशर ने विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। डिग्री वितरण समारोह में अध्यक्ष परीक्षित पाराशर ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और मेहनत, अनुशासन व निरंतर प्रयास के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ मनीषा पांडे द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आई चुनौतीयों का निराकरण कैसे किया जाए पर प्रकाश डाला गया। शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉउंसलिंग ऑफिसर नरेश राजपूत ने उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किया। परीक्षा प्रभारी जे पी शर्मा व सुमित शर्मा ने बताया कि स्नातक अंतिम वर्ष के 60 फीसदी प्रतिशत कॉलेज छात्रों का प्लेसमेंट हुआ और अभी भी छात्रों को प्रवेश अवसर जारी हैं।

## रामलीला : हनुमान ने जलाई रावण की सोने की लंका



नवभारत न्यूज

**गुना।** पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित सार्वजनिक श्री रामलीला और दशहरा पर्व समिति के तत्वाधान में ग्यारहवें दिन की रामलीला में हनुमान जी द्वारा लंका दहन और सीता माता की खोज की लीला का मंचन किया गया। लीला में हनुमान जी समुद्र पार कर लंका में प्रवेश करते हैं और अशोक वाटिका में सीता माता से मिलकर फल तोडने लगते हैं। वाटिका के रक्षक हनुमान पर आक्रमण करते हैं, लेकिन हनुमान अपनी शक्ति से सभी को परास्त कर देते हैं। अशोक वाटिका में जम्बूमाली और रावण के पुत्र अक्षय कुमार ने हनुमान से युद्ध किया, लेकिन सभी प्रयास विफल रहे। अंततः इंद्रजीत ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करते हैं, जिसे हनुमान जी ने अपनी इच्छा से स्वीकार कर अपनी शक्ति प्रदर्शित की। इसके बाद हनुमान को रावण के दरबार में बंधक बनाकर लाया गया। रावण ने हनुमान से उनके उद्देश्य के बारे में पूछा, तब हनुमान ने बताया कि वे श्रीराम के दूत हैं और केवल सीता माता की खोज में आए हैं। हनुमान की शौर्य और चातुर्य से रावण क्रोधित हो जाता है, लेकिन विभीषण के आग्रह पर हनुमान को मारने की बजाय उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है।

## विश्व हृदय दिवस पर नि :शुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर का किया आयोजन

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत नवीन डीईआई सी,भवन गुना में निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन अनंत हार्ट हॉस्पिटल भोपाल द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. ज्ञानेंद्र निखरा, पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट भोपाल ने सभी 61 बच्चों की इको जांच की। जांच में 47 बच्चों में हृदय संबंधी समस्या पाई गई, जिनमें से 22 बच्चों को 3 से 6 माह के फॉलोअप में रखा गया है। 2 बच्चों को तुरंत उच्च चिकित्सा संस्थान मुंबई रैफर किया गया। आवश्यकता अनुसार शीघ्र ही सभी बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत राशि स्वीकृत कर ऑपरेशन हेतु अनंत हार्ट हॉस्पिटल भोपाल भेजा जाएगा। डॉ. सुदर्शन कुशवाह (जिला टीकाकरण अधिकारी), डॉ. आनंद शर्मा, श्रीमती विनीता सोनी (आरबीएसके) जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक, प्रीति श्रीवास्तव (स्पेशल एजुकेटर), दीपक दुबे, मुरारी दांगी (अनुष्का फाउंडेशन) एवं डीईआईसी स्टाफ उपस्थित रहे।

**खुलासा** | महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार कर पहुंचाया जेल

# अंधाकत्ल : जहरीले जीव-जंतु ने नहीं गला घोंटकर की गई थी

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले की मृगवास थाना पुलिस ने महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। दरअसल 27 सितंबर 25 को सूचनाकर्ता गुलाब सिंह भील निवासी ग्राम फतेहपुर थाना मृगवास ने मृगवास थाने पर रिपोर्ट करते हुए बताया कि 26 सितंबर 25 को उसकी पत्नि अनोक बाई भील चारा काटने के लिए उमरिया गांव की हार वाले उनके खेत पर गई थी।**



जिसके देर शाम तक घर बापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश की गई तो रात के समय वह खेत पर बेहोशी की हालत में मिली, उन्हें लगा कि किसी कीड़े ने उसे काट लिया है। जिससे वह रात में ही उसे तेजाजी महाराज के स्थान पर ले गए, लेकिन जहां पर उसकी पत्नि अनोक बाई की मृत्यु हो जाना बताया, जिससे वह रात में ही शव को घर ले आए थे। सुबह शव को देखने पर उसके गले में फांसी जैसा निशान एवं शरीर में ही कुछ जगह जोट के निशान दिखे, जिससे उन्हें शक है कि उसकी पत्नि अनोक बाई की किसी के द्वारा हत्या की गई है। इस घटना पर से पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा उक्त घटना को चुनौती के रुप में लिया और मामले में हर पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा किए जाने के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे द्वारा अपनी टीम के साथ मामले की गहनता से जांच की गई। प्रकरण की प्रारंभिक जांच में मृतिका के गले पर फांसी/गला दबाने के निशान, शरीर पर चोट एवं संघर्ष के चिन्ह पाए गए एवं घटनास्थल का मौका मुआयना करने पर मौके से मृतिका का हंसिया, कुछ आभूषण, एक साफी, टूटा हुआ एक चाकू आदि सामान जप्त किया गया। मृतिका का पीएम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में डॉक्टर ने मृत्यु का कारण गला दबाने से होना लेख किया। जांच के दौरान मृतिका के परिजनों व अन्य साक्षियों के कथन लिए गए, जिसमें उनके द्वारा ग्राम उमरिया निवासी कालूराम पुत्र बापूलाल भील तथा उसके भाइयों पर हत्या का संदेह व्यक्त किया गया। संपूर्ण मर्ग जांच पर से 28 सितंबर 25 को संदेही के विरूद्ध मृगवास थाने में अप.क्र. 141/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने संदेही आरोपी की तलाश शुरू की और इसमें तत्परता से कार्यवाही करते हुए संदेही कालूराम पुत्र बापूलाल भील निवासी ग्राम उमरिया खुर्द थाना मृगवास जिला गुना को बटावदा गांव की कलारी के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा मृतिका अनोक बाई की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। जिससे प्रकरण में आरोपी कालूराम भील को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। इस घटना में अन्य आरोपियों की भूमिका एवं अन्य पहलुओं की पुलिस द्वारा आगे और जांच की जा रही है। अंधे कत्ल के उपरोक्त पेंचीदा और चुनौतीपूर्ण प्रकरण को शीघ्रता से सुलझाने में मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे, सउनि केदार सगर, प्रधान आरक्षक रामकुमार रघुवंशी, प्रधान आरक्षक राजकुमार रघुवंशी, आरक्षक जितेन्द्र यादव, आरक्षक विकाश राठौर, आरक्षक रामवीर रघुवंशी. आरक्षक संदीप आर्य. आरक्षक नरेन्द्र गुरूंग. आरक्षक रवि चौहान. आरक्षक अमर सिंह एवं आरक्षक रवि यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सीटू का सातवां जिला सम्मेलन संपन्न 35 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव

**गुना।** शहर के निजी होटल में आज सीटू का सांतवा जिला सम्मेलन ज्ञानेश मेर, सुरेन्द्र सैनी और डोली कुशवाह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन का संचालन महेश सैनी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडावंदन और शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने से हुई। शोक प्रस्ताव कल्याण सिंह लोधी ने रखा और सभी ने खड़े होकर एक मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू के राज्य सचिव कामरेड पूषण भट्टाचार्य ने किया। उद्घाटन भाषण में उन्होंने मजदूर वर्ग को एकता और संगठित होकर पूंजीवादी शोषण तथा नित नए संकटों का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में महासचिव द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर बहस हुई। जिसमें 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बहस के पश्चात रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद आगामी तीन वर्षों के लिए 17 सदस्यीय पदाधिकारी मंडल सहित 35 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र सैनी, महासचिव पद पर गिरीश कश्यप और कोषाध्यक्ष पद पर डोली कुशवाह को चुना गया।

## कोतवाली प्रभारी की निरंकुशता और दुर्व्यवहार के खिलाफ लामबंद हुए नागरिक, एसपी को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर के कोतवाली क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ती आपराधिक घटनाओं और पुलिस प्रशासन की उदासीनता ने नागरिकों को असुरक्षा और भय की स्थिति में डाल दिया है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक, गुना को ज्ञापन सौंपकर न केवल जुआ, सट्टा, चोरी और स्मैक जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, बल्कि कोतवाली प्रभारी टी.आई. सी.पी.एस. चौहान के दुर्व्यवहार को भी उजागर किया है।**

इस दौरान बड़ी संख्या में लोग नारेबाजी के बीच एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां कोतवाली प्रभारी को हटाकर उन पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**अवैध गतिविधियों पर अंकुश की मांग**

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोतवाली क्षेत्र में जुआ, सट्टा, चोरी और स्मैक का अवैध व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। युवा वर्ग इन नशे और अपराधों की गिरफ्त में जा रहा है। नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से तुरंत कार्रवाई करते हुए इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है। साथ ही, आमजन को सुरक्षा प्रदान करने और पुलिस गश्त बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है।

**कोतवाली प्रभारी का असंवेदनशील रवैया**

ज्ञापन में आवेदकों ने बताया कि टी.आई. सीपीएस चौहान लंबे समय से कोतवाली क्षेत्र के नागरिकों को अनसुना करते रहे हैं। फरियादी जब कोतवाली में अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं, तो उन्हें उलटी लताडकर भगा दिया जाता है। इस प्रकार का रवैया आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास घटाने वाला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे अर्से बाद कोतवाली में ऐसा कठोर और अपमानजनक व्यवहार देखने को मिला है। वहीं अधिकांश जनप्रतिनिधियों से वरिष्ठ लोगों के फोन भी नहीं उठाते।

**उच्च स्तरीय जाँच और विभागीय कार्रवाई की अपील**

आवेदकों ने कोतवाली प्रभारी टी.आई. सी.पी.एस. चौहान के दुर्व्यवहार की उच्च स्तरीय जाँच कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई करने की भी अपील की है। उनका कहना है कि चौहान का यह व्यवहार मुख्यमंत्री एवं शासन के अपराध मुक्त गुना बनाने के प्रयासों को बाधित कर रहा है। ज्ञापन में हस्ताक्षरित नागरिकों ने स्पष्ट किया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं और पुलिस प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की अपेक्षा रखते हैं। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक म.प्र., और पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर को भी भेजी गई है।